gradeup

साप्ताहिक वन लाइनर्स

15 -21 सितम्बर 2019

साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

15-21 सितम्बर 2019

बैंकिंग एवं वित्तीय जागरुकता

1. **'GST नेटवर्क'** ने कब से नए विक्रेताओं के लिए आधार प्रमाणीकरण या प्रत्यक्ष सत्यापन अनिवार्य करने का फैसला किया _____**जनवरी 2020।**

नोट:

- प्रथम चरण में, नए विक्रेताओं के लिए आधार प्रमाणीकरण अनिवार्य होगा।
- इसके बाद, GSTN पर नामांकित सभी लोगों को अपनी आधार संख्या प्रदान करने को कहा जाएगा।
- जैसा कि धन-वापसी (रिफंड) एक बड़ा मुद्दा है, इसलिए GSTN ने इस वर्ष 24 सितंबर से एकल स्रोत से या तो केंद्रीय GST या राज्य GST द्वारा पूर्ण ऑनलाइन धन-वापसी का फैसला किया है।
- जो लोग अपनी आधार संख्या नहीं देना चाहते हैं उन्हें प्रत्यक्ष सत्यापन से गुजरना होगा।

2. केंद्र सरकार ने प्रवासियों द्वारा किसमें किए गए निवेश पर तीन वर्ष की परिबंधन अवधि हटा ली _____**अवसंरचना ऋण कोष (IDF)।**

नोट:

- **केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड** (CBDT) की अधिसूचना के अनुसार, केंद्र सरकार ने अवसंरचना क्षेत्र में वित्त पोषण को बढ़ावा देने के लिए प्रवासियों द्वारा अवसंरचना ऋण कोष (IDF) में किए गए निवेश पर तीन वर्ष की परिबंधन अवधि हटा ली है।
- अब, ऐसे IDF में निवेश से प्रवासियों या विदेशी कंपनी द्वारा अर्जित ब्याज की किसी भी राशि पर 5% कर की दर से शुल्क लिया जाता है।
- IDF क्षेत्र में दीर्घकालिक ऋण प्रवाह को तेज करने के लिए निवेश का साधन है।

3. **एयरटेल पेमेंट बैंक** ने कौन सी **बचत खाता सेवा** शुरू की है ____**भरोसा।**

नोट:

- भरोसा बचत खाता प्रति माह एक खर्च लेनदेन के साथ 500 रुपये की शेष राशि बनाए रखने पर 5 लाख रुपये का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा प्रदान करेगा।
- ग्राहक यदि अपने 'भरोसा' खाते में सरकारी सब्सिडी प्राप्त करने का फैसला करते हैं या यदि वे इसमें नकद जमा करते हैं, तो वे कैशबैक के भी पात्र होंगे।
- भरोसा बचत खाता के ग्राहक पूरे भारत में 6,50,000 से अधिक AePS (आधार-सक्षम भुगतान प्रणाली) आउटलेट पर नकद राशि भी निकाल सकते हैं।

4. **सुगम्य भारत अभियान** के हितधारकों के लिए एक **प्रबंधन सूचना (MIS) पोर्टल** किसने विकसित किया _____**विकलांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण विभाग।**

नोट:

Mission CDS 2020
A 120-Day Master Course
START FREE TRIAL

- केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री थावर चंद गहलोत ने नई दिल्ली में MIS पोर्टल लॉन्च किया।
- MIS पोर्टल सभी नोडल मंत्रालयों और राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को सुगम्य भारत अभियान के प्रत्येक लक्ष्य के लिए प्रगति की निगरानी हेतु एक मंच पर लाएगा।
- पोर्टल सभी कार्यों को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बनाए रखने और समयोचित आधार पर जानकारी संग्रहित करने में उपयोगी होगा।

5. एशिया, यूरोप और दक्षिण अमेरिका में **छह नए विदेशी गंतव्यों के लिए स्पीड पोस्ट सेवा** का विस्तार किसने किया_____**भारतीय डाक विभाग।**

नोट:

- डाक विभाग ने बोस्निया और हर्जिगोविना, ब्राजील, इक्वाडोर, कजाकिस्तान, लिथुआनिया और उत्तरी मैसेडोनिया में अंतर्राष्ट्रीय स्पीड पोस्ट (EMS) सेवा शुरु करने की घोषणा की है।
- एक्सप्रेस मेल सेवा (EMS) एक प्रीमियम सेवा है जो इसके उपयोगकर्ताओं को इंटरनेट पर सामान की आवाजाही का पता लगाने की अतिरिक्त सुविधा के साथ दस्तावेजों और उत्पादों को जल्दी भेजने की सुविधा प्रदान करती है।
- इन देशों के लिए EMS सेवा पूरे भारत के प्रमुख डाकघरों में उपलब्ध होगी।

6. **श्रम एवं रोजगार मंत्रालय** ने वर्ष 2018-19 जमा के लिए **कर्मचारी भविष्य निधि (EPF)** पर कितनी ब्याज दर अधिसूचित की ____ **8.65%।**

नोट:

- EPFO ने 2017-18 के लिए स्वीकृत 8.55% ब्याज दर पर EPF निकासी के दावों का निपटान किया है।
- कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO), केंद्रीय न्यासी बोर्ड की सहायता के लिए एक संगठन है, जो कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 द्वारा गठित एक वैधानिक संस्था है।
- यह भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य करता है।

7. केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने किनके लिए कॉर्पोरेट कर की दर को कम करने का प्रस्ताव दिया _____**घरेलू कंपनियों।**

नोट:

- आयकर अधिनियम और वित्त विधेयक 2019 में छह संशोधन हैं जिनसे 1.45 लाख करोड़ रुपये का खर्च आएगा।
- अब घरेलू कंपनियों के लिए अधिभार के बाद कॉर्पोरेट कर की दर सभी उपकरों और अधिभारों सहित 25.17% होगी। कॉरपोरेट कर की दर को 30% से 22% तक कम किया गया है।
- 1 अक्टूबर, 2019 को या उसके बाद निगमित नई घरेलू कंपनियों को 15% की दर से आयकर का भुगतान करना होगा
- घरेलू कंपनियों को 22% की दर से आयकर देना होगा।
- न्यूनतम वैकल्पिक कर (MAT) 18.5% से घटकर 15% हो गया है।
- 5 जुलाई, 2019 से पहले वापसी खरीद की घोषणा करने वाली सूचीबद्ध कंपनियों के लिए शेयरों की वापसी खरीद पर कर नहीं लगेगा।
- बढ़ा हुआ अधिभार विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों को दिए गए व्युत्पन्नों सहित किसी भी प्रतिभूति की बिक्री पर होने वाले पूंजीगत लाभ पर लागू नहीं होगा।

Mission CDS 2020
A 120-Day Master Course
START FREE TRIAL

श्रद्धांजलियां

1. प्रसिद्ध मलयालम लेखक जिनका केरल में निधन हो गया ___ **शिवरमन चेरियानद।**

नोट:

- शिवरमन ने एक उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक के रूप में अपना करियर शुरू किया और वर्ष 1989 में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त किया था।
- उन्हें वर्ष 1988 में अबू धाबी शक्ति पुरस्कार और वर्ष 2009 में ए.पी. कालक्कड़ पुरस्कार मिला।
- उन्हें लेखक पराप्पुरम की रचनाओं के अध्ययन के लिए वर्ष 1990-91 में केरल साहित्य अकादमी छात्रवृत्ति मिली।

2. आंध्र प्रदेश के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और तेलुगु देशम पार्टी (TDP) के नेता जिनका हैदराबाद में निधन हो गया ___ **कोडेला शिव प्रसाद राव।**

नोट:

- कोडेला ने कथित तौर पर शहर में अपने आवास पर आत्महत्या की।
- वह गुंटूर जिले में नरसरावपेटे निर्वाचन क्षेत्र से छह बार के विधायक थे।
- वर्ष 2014 में, आंध्र प्रदेश के विभाजन के बाद, डॉ. राव को विधानसभा का पहला अध्यक्ष बनाया गया।

3. रामसे ब्रदर्स के लोकप्रिय फिल्म निर्माता जिनका मुंबई में निधन हो गया___ **श्याम रामसे।**

नोट:

- वह उन सात रामसे ब्रदर्स में से एक हैं जो 1970 और 1980 के दशक में भारतीय सिनेमा में सक्रिय थे।
- उन्होंने कई डरावनी फिल्मों जैसे: दरवाजा, पुराना मंदिर और वीराना का निर्माण किया।

4. ट्यूनीशिया के पूर्व राष्ट्रपति जिनका निधन हो गया ___ **ज़िन अल-अबिदीन बेन अली।**

नोट:

- श्री बेन अली ने 23 वर्ष तक ट्यूनीशिया का नेतृत्व किया और उन्हें राष्ट्र को स्थिरता एवं आर्थिक समृद्धि देने का श्रेय प्रदान किया गया।
- वह हबीब बोरगुइबा को बाहर करके वर्ष 1987 में सत्ता में आए और ट्यूनीशिया के दूसरे राष्ट्रपति बने।
- वर्ष 2011 में, उन्हें सामूहिक विरोध प्रदर्शन के बाद पद से हटने के लिए मजबूर किया गया था।

महत्वपूर्ण दिवस

1. भारत में हर वर्ष **अभियंता दिवस** (Engineers Day) मनाया जाता है _____**15 सितंबर।**

नोट:

- यह दिवस भारत के महानतम इंजीनियरों में से एक **सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरय्या** के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।
- मोक्षगुंडम विश्वेश्वरय्या एक भारतीय अभियंता, विद्वान, राजनेता और वर्ष 1912 से 1918 तक मैसूर के दीवान थे।

Mission CDS 2020
A 120-Day Master Course
START FREE TRIAL

- वह भारत के सर्वोच्च सम्मान, भारत रत्न (1955) के प्राप्तकर्ता हैं।
- तेलंगाना राज्य 11 जुलाई को अली नवाज जंग बहादुर के जन्मदिवस पर अंभियंता दिवस मनाता है।

2. हर वर्ष दुनिया भर में **अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस** मनाया जाता है____**15 सितंबर।**

नोट:

- लोकतंत्र दिवस 2019 का विषय **'भागीदारी'** (participation) है
- इस वर्ष का अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस इस बात को याद करने का अवसर है कि लोकतंत्र लोगों से संबंधित है। लोकतंत्र समावेश, समान उपचार और भागीदारी पर बनाया गया है।
- यह शांति, सतत विकास और मानवाधिकारों के लिए एक मूलभूत अंग है।

3. **अंतर्राष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस** हर वर्ष मनाया जाता है _____**16 सितंबर।**

नोट:

- ओजोन परत गैसों का एक नाजुक कवच है जो पृथ्वी को सूर्य के हानिकारक पराबैंगनी विकिरण से बचाती है और इस प्रकार ग्रह पर जीवन संरक्षण में सहायता करती है।
- इस वर्ष का विषय मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के तहत ओजोन परत और जलवायु की रक्षा के लिए तीन दशकों के असाधारण अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की प्रशंसा करता है।
- यह हमें याद दिलाता है कि हमें स्वस्थ मनुष्य और स्वस्थ ग्रह की सुनिश्चितता हेतु प्रयासरत रहना चाहिए।

4. विश्व बांस दिवस हर वर्ष मनाया जाता है _____**18 सितंबर।**

नोट:

- भारत 130 से अधिक प्रजातियों के साथ चीन के बाद बांस उगाने वाला दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कृषक है।

5. विश्व जल निगरानी दिवस हर वर्ष मनाया जाता है___ **18 सितंबर।**

नोट:

- यह एक अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा एवं पहुंच कार्यक्रम है जो अमेरिका क्लीन वाटर फाउंडेशन (ACWF) द्वारा शुरू किया गया है और अब वाटर ऐट इनवायरमेंट फेडरेशन (WEF) और इंटरनेशनल वाटर एसोशिएशन (IWA) द्वारा समन्वित किया गया है।
- इस दिवस का उद्देश्य लोगों को उनके स्थानीय जल निकायों की बुनियादी निगरानी करके दुनिया भर में जल संसाधनों की रक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करना है।

6. अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस दुनिया भर में मनाया जाता है _____**21 सितंबर।**

नोट:

- यह विश्व शांति और विशेष रूप से युद्ध एवं हिंसा के परोक्ष मानवतावादी सहायता पहुंच के लिए समर्पित है जो एक युद्ध क्षेत्र में एक अस्थाई युद्धविराम के अवसर पर हो सकती है।
- वर्ष 2019 का विषय **"Climate Action for Peace"** है।
- यह विषय दुनिया भर में शांति रक्षा और इसे बढ़ावा देने के तरीके के रूप में जलवायु परिवर्तन से निपटने के महत्व पर ध्यान आकर्षित करता है।

7. विश्व अल्जाइमर दिवस हर वर्ष मनाया जाता है_____**21 सितंबर।**

Mission CDS 2020
A 120-Day Master Course
START FREE TRIAL

नोट:

- यह दिवस अल्जाइमर और डिमेंशिया के बारे में जागरूकता फैलाता है।
- अल्जाइमर रोग (मानसिक रोग) डिमेंशिया का सबसे आम रूप है, जो विकारों का एक समूह जिससे मानसिक कार्य में बाधा उत्पन्न करता है।
- अल्जाइमर रोग के कुछ सबसे आम लक्षणों में स्मृति की हानि, भाषा के साथ समस्याएं, सामान्य कार्यों को करने में कठिनाई, व्यक्तित्व में बदलाव और वस्तुओं पर नजर रखने में कठिनाई शामिल हैं।

नई नियुक्ति

1. संयुक्त राष्ट्र **महासचिव एंटोनियो गुटेरस** ने भारतीय सेना के किस अनुभवी अधिकारी को यमन के बंदरगाह शहर होदेइदा में वैश्विक संस्था के **पर्यवेक्षक मिशन का प्रमुख** नियुक्त किया____ **लेफ्टिनेंट जनरल अभिजीत गुहा (सेवानिवृत्त)।**

नोट:

- श्री गुहा को पुनर्नियोजन समन्वय समिति (RCC) के अध्यक्ष और UNMHA के प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया है।
- गुहा डेनिश लेफ्टिनेंट जनरल माइकल लॉलेसगार्ड की जगह लेंगे, जिन्होंने 31 जनवरी से 31 जुलाई, 2019 तक इन पदों पर कार्य किया।

2. पांच वर्ष के लिए **आंध्र प्रदेश के लोकायुक्त** के रूप में किसने शपथ ग्रहण की____ **न्यायमूर्ति पी. लक्ष्मण रेड्डी।**

नोट:

- **राज्यपाल बिश्वभूषण हरिचंदन** ने विजयवाड़ा में आयोजित एक समारोह में न्यायमूर्ति रेड्डी को पद की शपथ दिलाई।
- वह वर्ष 2014 में राज्य के विभाजन के बाद से पदभार संभालने वाले पहले लोकायुक्त हैं।
- 'लोकायुक्त' भारतीय राज्यों में एक भ्रष्टाचार विरोधी लोकपाल संगठन है।

3. एशिया विकास बैंक (ADB) के अध्यक्ष **'ताकेहिको नकाओ'** ने पद से इस्तीफा देने की योजना बनाई _____**16 जनवरी, 2020।**

नोट:

- श्री नकाओ ने वर्ष 2013 में ADB अध्यक्ष का पद संभाला था और वर्ष 2016 में दूसरे पांच वर्षीय कार्यकाल के लिए पुन: चुने गए थे।
- एशियाई विकास बैंक (ADB) 19 दिसंबर, 1966 को स्थापित एक क्षेत्रीय विकास बैंक है।
- बैंक का मुख्यालय 6 ADB एवेन्यू, मंडलुयोंग, मेट्रो मनीला, फिलीपींस में है।
- 23 मार्च, 2019 तक, एशियाई विकास बैंक में 68 सदस्य (एशिया और प्रशांत क्षेत्र से 49 सदस्य और अन्य क्षेत्रों से 19 सदस्य) थे।

4. **सिंगापुर, भारत और थाईलैंड की नौसेनाओं** ने कहां पर अपना पहला संयुक्त **समुद्री अभ्यास 'SITMEX-2019'** शुरू किया ___**पोर्ट ब्लेयर।**

Mission CDS 2020
A 120-Day Master Course
START FREE TRIAL

नोट:

- सिंगापुर की नौसेना (RSN), रॉयल थाईलैंड नैवी (RTN) और भारतीय नौसेना (IN) 20 सितंबर, 2019 तक पांच दिवसीय अभ्यास आयोजित करेंगे।
- 'SITMEX' अभ्यास का उद्देश्य समुद्री संबंधों को मजबूत करना और संपूर्ण समुद्री सुरक्षा को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देना है।
- यह पारस्परिकता और प्रक्रियाओं के एक सामान्य तालमेल के विकास के मामले में तीन नौसेनाओं के बीच आपसी विश्वास को भी मजबूत करेगा।

5. अमेरिका के राष्ट्रपति **डोनाल्ड ट्रम्प** ने संयुक्त राज्य अमेरिका का **राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार** (NSA) किसे नियुक्त किया __ **रॉबर्ट ओ'ब्रायन।**

नोट:

- रॉबर्ट ओ'ब्रायन जॉन बोल्टन की जगह लेंगे जिन्हें पिछले सप्ताह ट्रम्प ने बर्खास्त कर दिया था।
- वर्तमान में, रॉबर्ट सी. ओ'ब्रायन राष्ट्र विभाग में बंधक मामलों के लिए विशेष दूत के रूप में सेवारत हैं।
- **राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSA)** व्हाइट हाउस के वेस्ट विंग में स्थित राष्ट्रपति के कार्यकारी कार्यालय में एक वरिष्ठ सहायक होता है।

6. अनुभवी अभिनेता जिन्हें अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी (IIFA) पुरस्कार 2019 में प्रतिष्ठित **लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान** प्रदान किया गया_____ **जगदीप।**

नोट:

- सैयद इश्तियाक अहमद जाफरी (जगदीप के नाम से प्रसिद्ध) एक भारतीय फिल्म अभिनेता और हास्य अभिनेता हैं, जिन्होंने 400 से अधिक फिल्मों में काम किया है।
- उन्होंने शोले (1975) में सूरमा भोपाली, पुराना मंदिर (1984) में मच्छर, अंदाज़ अपना अपना (1994) में सलमान खान के पिता की भूमिका निभाई और नायक के रूप में अपने किरदार के साथ फिल्म सूरमा भोपाली का निर्देशन किया।

7. **लघु फिल्म** जिसे ऑस्कर के लिए नामांकित किया गया ___**मोती बाग।**

नोट:

- प्रसार भारती की वित्तीय सहायता से बनी फिल्म उत्तराखंड के एक 82 वर्षीय किसान विद्यादत्त शर्मा के जीवन के बारे में है।
- श्री शर्मा उत्तराखंड में पौड़ी जिले के कलजीखल ब्लॉक के सांगुडा गांव में रहते हैं।
- इसे तीन बार के राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्मल चंद्र डंडरियाल द्वारा निर्देशित किया गया है।
- **एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज** (AMPAS) द्वारा प्रस्तुत 92वें अकादमी पुरस्कार समारोह में 2019 की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों को 9 फरवरी को लॉस एंजिल्स में सम्मानित किया जाएगा।

8. दो वर्ष के लिए नए **भारतीय वायु सेना प्रमुख** के रूप में किन्हें नियुक्त किया गया___ **एयर मार्शल आर.के.एस. भदौरिया।**

नोट:

- वर्तमान में, एयर मार्शल भदौरिया वायुसेना में उप-प्रमुख हैं।

Mission CDS 2020
A 120-Day Master Course
START FREE TRIAL

- वह एयर चीफ मार्शल बी.एस. धनोआ की जगह लेंगे, जो इस महीने की 30 तारीख को सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं।
- **चीफ ऑफ द एयर स्टाफ** भारतीय वायु सेना का पेशेवर प्रमुख और कमांडर होता है।

9. केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की संख्या (भारत के मुख्य न्यायाधीश समेत) 31 से बढ़ाकर कितनी की _____**34।**

नोट:

- कानून एवं न्याय मंत्रालय द्वारा सुप्रीम कोर्ट में चार न्यायाधीशों की नियुक्तियों पर चार अलग-अलग अधिसूचनाएं जारी की गईं।
- **न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी** (पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश), **न्यायमूर्ति एस.आर. भट** (राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश), **न्यायमूर्ति वी. रामसुब्रमण्यन** (हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश) और **न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय** (केरल उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश) को भारत के सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीश नियुक्त किया गया।

10. लंबे समय से सेवारत बैंकर **'एलिसन रोज'** को मुख्य कार्यकारी के रूप में किसने नियुक्त किया ___ **रॉयल बैंक ऑफ स्कॉटलैंड (RBS)।**

नोट:

- वह इस प्रमुख यूके बैंक की पहली महिला शीर्ष अधिकारी हैं।
- एलिसन रोज 1 नवंबर को रॉस मैकएवन की जगह लेंगी।
- वर्तमान में, रोज समूह के नेटवेस्ट होल्डिंग्स खुदरा व्यापार और इसके वाणिज्यिक और निजी बैंकिंग प्रभाग की उप प्रमुख हैं।

महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. जल शक्ति मंत्री **गजेन्द्र सिंह शेखावत** ने **ग्रेट गंगा रन 2019** को कहां से हरी झंडी दिखाई _____ **जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, नई दिल्ली।**

नोट:

- मैराथन में सभी आयु वर्ग के लोगों ने बृहत संख्या में भाग लिया।
- दौड़ में लोगों की भागीदारी इस तथ्य की पुष्टि करती है कि लोग न केवल पानी का महत्व जानते हैं बल्कि महत्वपूर्ण संसाधनों के संरक्षण के लिए सक्रिय भी हैं।
- यह गंगा नदी के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए आयोजित की गई थी।
- जल शक्ति मंत्रालय 9 अक्टूबर से गंगा अभियान का भी आयोजन करेगा।

2. **रक्षा अनुसंधान विकास संगठन** (DRDO) ने भारतीय वायु सेना (IAF) को दूसरा एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल (AEWC) विमान सौंप दिया, इस विमान का नाम है _____**नेत्रा।**

नोट:

Mission CDS 2020
A 120-Day Master Course
START FREE TRIAL

- एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल (AEWC) विमान 'नेत्रा' ने फरवरी 2019 में भारतीय वायुसेना द्वारा किए गए बालाकोट हवाई हमले के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।
- इसने पाकिस्तान के खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत के बालाकोट में आतंकी लॉन्च पैडों पर बमबारी करने वाले पांच मिराज विमानों को निगरानी और रडार कवरेज प्रदान की।
- इसे DRDO के वैज्ञानिकों ने बेंगलुरु स्थित सेंटर फॉर एयरबोर्न सिस्टम की सहायता से डिजाइन और विकसित किया है।

3. रमेश पोखरियाल 'निशंक' (मानव संसाधन विकास मंत्री) ने आसियान छात्रों को 1,000 पीएचडी फैलोशिप प्रदान करने वाला एक प्रमुख कार्यक्रम कहां शुरू किया _____**भारत में IIT.**

नोट:

- दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के साथ भारत की साझेदारी ज्ञान की साझा खोज के माध्यम से ऐतिहासिक रूप से विकसित हुई है।
- यह केवल स्वाभाविक है कि ज्ञान लोगों के बीच के संबंधों का मूल चालक बना हुआ है।
- जो चयनित हैं, वे भारतीय समकक्षों के साथ भारत सरकार के वित्तपोषण में अपनी पीएचडी पूरी कर सकते हैं।

4. देश का पहला केंद्रीय पुलिस विश्वविद्यालय कहां स्थापित किया जाएगा _____**ग्रेटर नोएडा।**

नोट:

- देश का पहला केंद्रीय पुलिस विश्वविद्यालय केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेसवे के पास स्थापित किया जाएगा।
- विश्वविद्यालय नगर व्यवस्था, आंतरिक सुरक्षा, साइबर अपराध और फोरेंसिक विज्ञान पर स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की पेशकश करेगा।

5. **पीयूष गोयल** और **हरदीप सिंह पुरी** ने संयुक्त रूप से कहां पर **इस्पात आयात निगरानी प्रणाली** (SIMS) का शुभारंभ किया ____**नई दिल्ली।**

नोट:

- इस प्रणाली में, निर्दिष्ट इस्पात उत्पादों के आयातक आवश्यक जानकारी प्रदान करते हुए, SIMS के वेब पोर्टल पर अग्रिम रूप से पंजीकरण करेंगे।
- SIMS अमेरिकी आयात निगरानी एवं विश्लेषण (SIMA) प्रणाली की तर्ज पर, इस्पात मंत्रालय के परामर्श से विकसित किया गया है।
- SIMS प्रभावी नीतिगत हस्तक्षेपों के लिए सरकार और साझेदारों (इस्पात उद्योग (उत्पादकों), इस्पात उपभोक्ताओं (आयातकों) को इस्पात आयात के बारे में अग्रिम जानकारी प्रदान करेगा।

6. केंद्रीय मंत्री **प्रकाश जावड़ेकर** ने कहां पर एक चलती-फिरती प्रदर्शनी **जलदूत वाहन** को हरी झंडी दिखाई _____ **पुणे।**

नोट:

- 'जल संरक्षण' का संदेश ले जाने वाला वाहन राज्य के विभिन्न हिस्सों में जाएगा।
- केंद्र सरकार ने 'जलशक्ति अभियान' शुरू किया है, जो देश भर के 256 जिलों में 1592 तनावग्रस्त ब्लॉकों पर केंद्रित एक जल संरक्षण अभियान है।

Mission CDS 2020
A 120-Day Master Course
START FREE TRIAL

7. केंद्रीय गृह मंत्री **अमित शाह** ने कहां पर **5वें अंतर्राष्ट्रीय रामायण महोत्सव** की अध्यक्षता की _____ **नई दिल्ली।**

नोट:

- तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय रामायण महोत्सव भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (ICCR) द्वारा आयोजित किया गया है।
- रामायण भारत का एक ऐसा ग्रंथ है जिसने व्यक्तिगत, धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय सीमाओं को पार कर लिया है और एक वैश्विक जन समूह तक पहुंच गया है।
- 17 देशों ने अपने कलाकारों के साथ भाग लिया और रामायण के अपने संस्करणों को सौंपा।
- ICCR की स्थापना भारतीय संस्कृति और उसके मूल्यों को पूरी दुनिया में प्रचारित करने की दृष्टि से की गई थी और रामायण उत्सव का आयोजन इस दृष्टि को साकार करने का एक तरीका है।

8. भारत के पहले **राष्ट्रीय सूक्ष्मजीवरोधी प्रतिरोधक (AMR) हब** का उद्घाटन कहां हुआ _____ **कोलकाता।**

नोट:

- **भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद** (ICMR) के महानिदेशक (DG) **बलराम भार्गव** ने कोलकाता में भारत के पहले **राष्ट्रीय सूक्ष्मजीवरोधी प्रतिरोधक (AMR) हब** का उद्घाटन किया।
- AMR औषधि के प्रभाव का प्रतिरोध करने की एक जीवाणु की क्षमता है जो जीवाणु का एक बार सफलतापूर्वक इलाज कर सकता है।
- कोलकाता केंद्र न केवल देश के लिए बल्कि पूरे दक्षिण एशिया के लिए प्रतिजैविक प्रतिरोध पर शोध का केंद्र होगा।

9. रक्षा मंत्री **रामनाथ सिंह** ने कहां पर स्थित HAL (हिंदुस्तान एयरोनॉटिकल लिमिटेड) हवाई अड्डे में **लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (LCA) तेजस** से उड़ान भरी _____**बेंगलुरु।**

नोट:

- तेजस एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (ADA) द्वारा निर्मित दो सीटों वाला, सिंगल इंजन, डेल्टा विंग, मल्टी रोल लाइट फाइटर है।
- तेजस का उत्पादन हिंदुस्तान एयरोनॉटिकल लिमिटेड (HAL) द्वारा भारतीय वायु सेना के लिए किया जाता है।

10. मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान के लिए मानव केंद्रित प्रणालियों और प्रौद्योगिकियों के विकास हेतु रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर किसने हस्ताक्षर किए___**इसरो।**

नोट:

- इसरो 'गगनयान' प्रॉजेक्ट के तहत वर्ष 2022 तक भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजने के अपने लक्ष्य पर काम कर रहा है, जिसके लिए 10,000 करोड़ रुपये के निवेश की आवश्यकता है।
- दूसरी ओर, DRDO निर्धारित समयसीमा के अंदर मानव अंतरिक्ष उड़ान के लिए इसरो को अनुकूलित तकनीकी क्षमताओं सहित सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

11. प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए **राष्ट्रीय जल संग्रहालय** विकसित करने की पहल करने वाला मंत्रालय ___ **जल शक्ति मंत्रालय।**

नोट:

Mission CDS 2020
A 120-Day Master Course
START FREE TRIAL

- एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, मंत्रालय आज से दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन भी कर रहा है जिसमें भारत और विदेश के विशेषज्ञ भाग लेंगे।
- कार्यशाला का परिणाम जल शक्ति मंत्रालय के तत्वावधान में प्रस्तावित राष्ट्रीय जल संग्रहालय की स्थापना के लिए एक अंतिम रूपरेखा होगी।
- कार्यशाला के दौरान, संभावित व्यापक संरचना, देश के विभिन्न क्षेत्रों में पानी के महत्व और इसकी वर्तमान स्थिति सहित संग्रहालय की विषय-वस्तु, संभावित समाधान, पारंपरिक और आधुनिक जल प्रबंधन कार्यप्रणालियां और सफलता की स्थानीय कहानियों पर चर्चा करने का प्रस्ताव है।

12. मंगोलिया के राष्ट्रपति जो पांच दिवसीय राष्ट्रीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे___ **खल्तमागिन बत्तुल्गा।**

नोट:

- श्री बत्तुल्गा उच्च स्तरीय अधिकारी और व्यावसायिक प्रतिनिधिमंडल के साथ आए हैं।
- आगंतुक गणमान्य व्यक्ति राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद, उप-राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी से मिलेंगे।
- श्री बत्तुल्गा नई दिल्ली में भारत-मंगोलिया बिजनेस फोरम में भी भाग लेंगे।
- अपने प्रवास के दौरान, मंगोलिया के राष्ट्रपति आगरा, बोधगया और बेंगलुरु का दौरा करेंगे।

13. आकांक्षी महिला उद्यमियों के लिए अपशिष्ट प्रबंधन त्वरक (WAWE-2019) शिखर सम्मेलन किसने शुरू किया___ **रमेश पोखरियाल 'निशंक'।**

नोट:

- यह योजना छात्रों को तेजी से बदलती दुनिया के साथ तालमेल रखने के लिए सर्वोत्तम शिक्षा प्रदान करने की दिशा में काम करेगी।
- यह जयपुर में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE) और अपशिष्ट प्रबंधन संस्थान (IIWM) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा।
- यह पहल महिलाओं को सशक्त बनाएगी और युवाओं में उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करेगी।
- WAWE शिखर सम्मेलन 2019 उन महिलाओं के लिए एक बड़ी पहल है जिनके पास कौशल है और यह उन्हें अधिक सशक्त बनाएगी और प्रेरित करेगी।

14. **तेलंगाना सरकार** ने वर्ष 2020 को कौन सा घोषित करने का फैसला किया _____ **आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) वर्ष।**

नोट:

- राज्य सरकार वर्ष भर उभरती हुई प्रौद्योगिकी से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करेगी।
- यह उभरते प्रतिभा समूह की पृष्ठभूमि के साथ-साथ पिछले 4-5 वर्षों में AI स्थान पर उद्योग और अन्य पारिस्थितिकी संगठनों द्वारा नए सिरे से ध्यान केंद्रित करता है।
- वर्ष 2020 तक, राज्य सरकार कई कार्यक्रमों, बैठकों और हैकथॉन, मास्टर क्लास जैसी गतिविधियों का आयोजन करेगी।

15. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किस देश की 7-दिवसीय यात्रा पर रवाना हुए ____**अमेरिका।**

नोट:

Mission CDS 2020
A 120-Day Master Course
START FREE TRIAL

- अपनी यात्रा के दौरान, श्री मोदी ह्यूस्टन और न्यूयॉर्क में रहेंगे और इस महीने की 27 तारीख को संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करेंगे।
- 22 सितंबर को, प्रधान मंत्री मोदी टेक्सास के ह्यूस्टन स्थित NRG स्टेडियम में शाम 8.30 बजे (भारतीय मानक समय) भारतीय समुदाय को संबोधित करेंगे और समारोह में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी उपस्थित होंगे।
- लगभग 50,000 लोगों के **'हाउडी मोदी' कार्यक्रम** में भाग लेने की उम्मीद है।
- **'How do you do?' का संक्षिप्त रूप "Howdy",** दक्षिण-पश्चिमी अमेरिका में आमतौर पर प्रयोग किया जाने वाला एक मित्रवत अभिवादन है।

16. **स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड** (SAIL) को पिछले वर्ष में कुल लौह अयस्क उत्पादन की अधिकतम 25% मात्रा के बराबर एक वर्ष में भारी मात्रा में बिक्री करने की अनुमति किसने दी _____ **खान मंत्रालय।**

नोट:

- यह नियत प्रक्रिया का पालन करने के बाद संबंधित राज्य सरकारों से मंजूरी के अधीन होगा, जहां खदानें स्थित हैं।
- झारखंड, ओडिशा और छत्तीसगढ़ राज्यों में इसकी विभिन्न खानों से उत्पादित लगभग 7 मिलियन टन लौह अयस्क, राज्य सरकारों से आवश्यक मंजूरी प्राप्त करने के बाद SAIL द्वारा घरेलू बाजार में बेचा जा सकता है।
- यह SAIL को न केवल अपनी आवश्यकता को पूरा करने में सक्षम करेगा, बल्कि घरेलू लौह अयस्क की आवश्यकता में कमी को आंशिक रूप से पूरा करेगा।

महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

1. तीन दिवसीय पारंपरिक **नीरमहल जल उत्सव** कहां पर भव्य नौका दौड़ और तैराकी प्रतियोगिताओं के साथ समाप्त हुआ _____**रुद्रसागर झील।**

नोट:

- त्रिपुरा के मुख्यमंत्री **बिप्लब कुमार देब** ने नौका दौड़ को हरी झंडी दिखाई।
- नीरमहल वर्ष 1930 में महाराजा बीर बिक्रम किशोर माणिक्य द्वारा अपने ग्रीष्मकालीन स्थल के रूप में रुद्रसागर झील के मध्य में बनाया गया मुगल वास्तुकला शैली से प्रेरित एक जल महल है।

2. अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जिन्होंने **दीक्षी जलविद्युत परियोजना** राज्य के लोगों को समर्पित की_____ **पेमा खांडू।**

नोट:

- अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामेंग जिले के दीक्षी गांव में 24 मेगा वाट की जलविद्युत परियोजना स्थापित की गई है।
- यह देवी एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा फुदंग नदी पर निर्मित एक रन-ऑफ-द-रिवर परियोजना है।

3. कर्नाटक के मुख्यमंत्री **बी.एस. येदियुरप्पा** ने **हैदराबाद-कर्नाटक क्षेत्र** का नाम बदलकर क्या करने की घोषणा की _____**कल्याण कर्नाटक।**

नोट:

Mission CDS 2020
A 120-Day Master Course
START FREE TRIAL

- हैदराबाद कर्नाटक क्षेत्र में छह उत्तर-पूर्वी जिले कर्नाटक बीदर, कालाबुरगी, कोप्पल, बल्लारी, यादगीर और रायचूर शामिल हैं।
- कल्याण कर्नाटक के विकास के लिए एक अलग सचिवालय स्थापित किया जाएगा, जिसके माध्यम से विकास कार्यों के लिए धनराशि जारी की जाएगी।

4. हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री **जय राम ठाकुर** ने जनता की शिकायतों के शीघ्र और समयबद्ध निवारण के लिए कौन सा मुख्यमंत्री सेवा संकल्प **हेल्पलाइन नंबर** शुरू किया____**'1100'।**

नोट:

- हेल्पलाइन नंबर लोगों को अपनी शिकायत ऑनलाइन दर्ज करने में मदद करने के लिए नवीनतम तकनीकों का उपयोग करेगा, जिससे पूरी प्रक्रिया कागज-रहित हो जाएगी और सरकारी कार्यालयों में चक्कर लगाने की समस्या कम हो जाएगी।
- अब, हिमाचल प्रदेश ऐसी हेल्पलाइन वाला देश का चौथा राज्य (उत्तराखंड, मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के बाद) बन गया है।
- मुख्यमंत्री सेवा संकल्प हेल्पलाइन सप्ताह में 6 दिन (सोमवार-शनिवार) सुबह 7 बजे से रात 10 बजे तक कार्य करेगी।
- प्रत्येक शिकायत को 7-14 दिनों की अवधि के अंदर हल किया जाएगा।

5. दिल्ली के उप-राज्यपाल **अनिल बैजल** ने कौन सा नया एकीकृत वनटच **मोबाइल ऐप** लॉन्च किया _____**'तत्पर'।**

नोट:

- 'तत्पर' ऐप (दिल्ली पुलिस द्वारा विकसित) 50 से अधिक नागरिक-केंद्रित सेवाओं तक पहुंच प्राप्त करने का प्लेटफॉर्म है।
- इस ऐप की सहायता से लोग अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन, ट्रैफिक पिट और प्रीपेड टैक्सी बूथ पर जा सकते हैं।
- यह ऐप दिल्ली पुलिस की सभी वेबसाइटों और मोबाइल एप्लिकेशन को मिलाता है।
- **'तत्पर' ऐप** दिल्ली के नागरिकों को 24x7 आधार पर एक सुविधाजनक ऑनलाइन माध्यम में अपनी सेवाएं प्रदान करने के लिए दिल्ली पुलिस का एक अन्य कदम है।

6. भारतीय वायु सेना (IAF) ने कहां पर एडवांस लैंडिंग ग्राउंड (ALG) का उद्घाटन किया गया _____**विजयनगर, अरुणाचल प्रदेश।**

नोट:

- यह चीन सीमा के पास सैन्य बेस पर सैन्य परिवहन विमानों के संचालन को सक्षम बनाएगा।
- भारतीय वायु सेना ने 720 करोड़ रुपये की लागत से देश में अब तक आठ एडवांस लैंडिंग ग्राउंड (विजयनगर, जीरो, अलो, पासीघाट, तवांग, मेचुका, वालोंग और टूटिंग) बनाए हैं।

7. मालदीव के साथ द्वीप राष्ट्र में कैंसर की देखभाल को मजबूत करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वाली राज्य सरकार___ **केरल।**

नोट:

- मालदीव ने उस देश में कैंसर रजिस्ट्री बनाने के लिए RCC का समर्थन भी मांगा है।

Mission CDS 2020
A 120-Day Master Course
START FREE TRIAL

- राज्य के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की उपस्थिति में अब्दुल्ला अमीन (मालदीव के मंत्री) और के. के. शैलजा (केरल की स्वास्थ्य मंत्री) के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

8. पहला **"जम्मू अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव"** कहां आयोजित किया जाएगा ____**जम्मू।**

नोट:

- जम्मू अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के उद्घाटन संस्करण में 11 देशों की 37 लघु फिल्में और डाक्यूमेंट्री दिखाई जाएंगी।
- यह महोत्सव एक वार्षिक 'इंस्पायरिंग आइकन अवार्ड' भी प्रदान करेगा, जो एक ऐसे व्यक्ति को दिया जाएगा, जो इस क्षेत्र से आता है और इसे फिल्म उद्योग में महत्वपूर्ण बनाया है।

महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. **अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन** (ISA) में शामिल होने वाला **79वां देश** ___ **सेंट विंसेंट एंड ग्रेनेजियंस।**

नोट:

- अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन 121 सौर संसाधन संपन्न देशों का एक समूह है, जिसका मुख्यालय भारत के गुरुग्राम में है।
- संगठन का उद्देश्य वर्ष 2030 तक 1,000 गीगावाट से अधिक सौर ऊर्जा का विस्तार करना और सौर ऊर्जा के लिए 1,000 बिलियन डॉलर से अधिक जुटाना है।

2. राष्ट्रपति **राम नाथ कोविंद** ने **महात्मा गांधी** की एक कांस्य निर्मित **आवक्ष प्रतिमा** का उद्घाटन कहां किया_____**विलेन्यूवे, स्विट्जरलैंड।**

नोट:

- वर्ष 1931 में महात्मा गांधी की विलेन्यूवे की यात्रा के उपलक्ष्य में आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया गया था।
- **राम वनजी सुतार** द्वारा निर्मित प्रतिमा को स्विट्जरलैंड के बलुआ पत्थर से बने एक ऊंचे मूर्तितल पर रखा गया है।

3. **श्रीलंका** ने कहां पर **'लोटस टॉवर'** नामक दक्षिण एशिया के सबसे ऊंचे टॉवर का अनावरण किया _____ **कोलंबो।**

नोट:

- लोटस टॉवर (17-मंजिला) 30,600 वर्ग मीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है, इसकी ऊंचाई 350 मीटर है और कुल निर्माण लागत 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक है।
- लोटस टॉवर एक टीवी टॉवर, एक होटल, एक शॉपिंग मॉल और एक सम्मेलन केंद्र के रूप में कार्य करेगा।
- वर्ष 2012 में, श्रीलंका और चीन ने टॉवर के निर्माण के लिए लोटस टॉवर समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसमें चीन की राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स आयात एवं निर्यात निगम प्रमुख कॉन्ट्रैक्टर थी।

4. वर्ष 2019 में **17.5 मिलियन प्रवासियों** के साथ अंतर्राष्ट्रीय प्रवासियों का शीर्ष देश____ **भारत।**

नोट:

Mission CDS 2020
A 120-Day Master Course
START FREE TRIAL

- संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक एवं सामाजिक मामलों के जनसंख्या विभाग द्वारा जारी एक रिपोर्ट, इंटरनेशनल माइग्रेंट स्टॉक 2019 ने दुनिया के सभी देशों और क्षेत्रों के लिए आयु, लिंग और मूल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय प्रवासियों की संख्या का नवीनतम अनुमान प्रदान किया है।
- रिपोर्ट के अनुसार, भारत वर्ष 2019 में 5.1 मिलियन अंतर्राष्ट्रीय प्रवासियों वाला देश है, यह संख्या वर्ष 2015 के 5.2 मिलियन से कम है।
- भारत के बाद, दूसरे स्थान पर मैक्सिको के प्रवासी (11.8 मिलियन), उसके बाद चीन (10.7 मिलियन), रूस (10.5 मिलियन), सीरिया (8.2 मिलियन), बांग्लादेश (7.8 मिलियन), पाकिस्तान (6.3 मिलियन) का स्थान है।

5. कहां पर स्थित भारतीय उच्चायोग में **55वां भारतीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग (ITEC) दिवस** मनाया गया _____ **ढाका, बांग्लादेश।**

नोट:

- इस कार्यक्रम में सभी क्षेत्रों के लगभग 300 ITEC छात्रों ने भाग लिया।
- 4,000 से अधिक युवा बांग्लादेशी पेशेवरों ने वर्ष 2007 के बाद से ITEC कार्यक्रम के तहत भारत में विशेष लघु एवं मध्यम अवधि के कोर्स शुरू किए हैं।
- ITEC प्रतिभागियों को भारत में IIT और IISC जैसे प्रमुख संस्थानों में लघु एवं मध्यम अवधि के कोर्स का लाभ उठाने के अवसर प्रदान करता है।

6. **शारजाह अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक मेले** (SIBF) का 38वां संस्करण कब आयोजित किया जाएगा _____**30 अक्टूबर से 9 नवंबर 2019 तक।**

नोट:

- पुस्तक मेला शारजाह के 'एक्सपो सेंटर' में आयोजित किया जाएगा, जिसमें दुनिया भर के चुनिंदा लेखक, उपन्यासकार और रचनाकार भाग लेंगे।
- दुनिया भर के लेखक, प्रकाशक, बुद्धिजीवी और कलाकार इस प्रमुख कार्यक्रम में अपना अनुभव और विशेषज्ञता प्रदर्शित करेंगे और एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेंगे।
- यूनेस्को ने शारजाह को पुस्तकों और साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए शहर के निरंतर प्रयासों के सम्मान में वर्ष 2019 की विश्व पुस्तक राजधानी शहर नामित किया है।

7. उत्तरी अफ्रीकी देश जिसमें इस वर्ष 12 दिसंबर को राष्ट्रपति चुनाव होगा ____**अल्जीरिया।**

नोट:

- बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों के बाद अब्देलकादर बेंसला ने अप्रैल में इस्तीफा दे दिया।
- यह घोषणा सेना प्रमुख जनरल अहमद गैद सलाह द्वारा इस बात पर जोर देने के बाद हुई है कि किसी भी चुनाव से पहले नए संस्थानों के निर्माण की मांग को लेकर चल रहे विरोध प्रदर्शनों के बावजूद इस वर्ष के अंत तक मतदान होगा।

सम्मान एवं पुरस्कार

Mission CDS 2020
A 120-Day Master Course
START FREE TRIAL

1. भारत और बांग्लादेश के बीच सहयोग विस्तार में योगदान के लिए **डॉ. कलाम स्मृति अंतर्राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार 2019** किन्हें प्रदान किया गया_____ **शेख हसीना।**

नोट:

- डॉ. कलाम स्मृति अंतर्राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के मुख्य सलाहकार और पूर्व राजदूत टी.पी. श्रीनिवासन ने यह पुरस्कार शेख हसीना को दिया।
- पुरस्कार प्रशस्ति पत्र ने प्रधान मंत्री हसीना के तनाव, संघर्षों और आतंकवाद से मुक्त एक शांतिपूर्ण और समृद्ध दक्षिण एशिया के दृष्टिकोण की सराहना की।

2. बांग्लादेश के बांस निर्मित विद्यालय ने किस क्षेत्र में आगा खान पुरस्कार जीता _____ **वास्तुकला।**

नोट:

- केरानीगंज के दक्षिण कनारचोर में अर्केडिया एजुकेशन प्रॉजेक्ट द्वारा निर्मित बांग्लादेश का बांस निर्मित विद्यालय ने वास्तुकला का 2019 आगा खान पुरस्कार जीता।
- यह पुरस्कार बांग्लादेश के दक्षिण कनारचोर में अर्केडिया एजुकेशन प्रॉजेक्ट के लिए ततारस्तान गणराज्य के कज़ान में दिया गया।
- विजेताओं जिनमें बहरीन, फिलिस्तीन, रूस, सेनेगल और संयुक्त अरब अमीरात की पांच अन्य संरचनाएं शामिल हैं, के बीच 1 मिलियन अमेरिकी डॉलर का पुरस्कार विभाजित होगा।

3. विदेश में किसी भी भारतीय मिशन में तैनात होने वाली भारत की **पहली महिला सैन्य राजनयिक**____ **विंग कमांडर अंजलि सिंह।**

नोट:

- वह रूस में भारतीय दूतावास में डिप्टी एयर अटैच (Deputy Air Attache) के रूप में शामिल हुई हैं।
- अब तक, तीनों सेनाओं (भारतीय वायु सेना, नौसेना और थल सेना) के केवल पुरुष अधिकारियों को ही विदेशी भारतीय मिशनों में सैन्य अटैच के रूप में नियुक्त किया गया था।
- अंजलि सिंह (बिहार की निवासी) मिग -29 विमान से प्रशिक्षण प्राप्त 17 वर्ष की सेवा के साथ भारतीय वायु सेना (IAF) की वैमानिकी इंजीनियरिंग शाखा से हैं।

4. मेघालय की सूचना का अधिकार (RTI) कार्यकर्ता जिनहें इस्तांबुल में 11वें अंतर्राष्ट्रीय **ह्रंट डिंक पुरस्कार** से सम्मानित किया गया _____ **एग्नेस खर्शिंग।**

नोट:

- खर्शिंग के साथ 40 लोगों के एक समूह ने पूर्वी जयंतिया पहाड़ी जिले में कोयले के अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ शिकायत करने के लिए मारपीट की थी।
- ह्रंट डिंक पुरस्कार, तुर्की के पत्रकार ह्रंट डिंक की जयंती पर ह्रंट डिंक फाउंडेशन द्वारा प्रदान किया जाने वाला एक वार्षिक पुरस्कार है।

5. बॉलीवुड अभिनेत्री जिन्होंने बोस्टन के भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में दोहरी जीत दर्ज की ____ **नीना गुप्ता।**

नोट:

Mission CDS 2020
A 120-Day Master Course
START FREE TRIAL

- 'बधाई हो' की अभिनेत्री ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता जबकि उनकी फिल्म 'द लास्ट कलर' ने सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म श्रेणी में पुरस्कार जीता।
- विश्व प्रसिद्ध शेफ विकास खन्ना के प्रथम निर्देशन वाली फिल्म 'द लास्ट कलर' भारत के वृंदावन और वाराणसी में विधवाओं के साथ निषेध कार्यों से संबंधित है।
- फिल्म के फर्स्ट लुक का अनावरण कान्स फिल्म महोत्सव में किया गया था और तब से यह न्यूयॉर्क भारतीय फिल्म महोत्सव 2019 और इंडी मेमे फिल्म फेस्टिवल सहित दुनिया भर के अनेक फिल्म समारोहों में जा चुकी है।

6. प्रसिद्ध भारतीय फोटोग्राफर जिन्हें **अंतर्राष्ट्रीय फोटोग्राफी अवार्ड** के प्रथम प्राप्तकर्ता के रूप में चुना गया___**रघु राय।**

नोट:

- यह पुरस्कार अमेरिकी मूल के प्रसिद्ध फ्रांसीसी फोटोग्राफर और फिल्म निर्माता विलियम क्लेन के सम्मान में है, जो अपनी असामान्य फोटोग्राफी तकनीकों के लिए जाने जाते हैं।
- एक प्रतिष्ठापन पुरस्कार के रूप में, पुरस्कार का उद्देश्य एक फोटोग्राफर को उसके संपूर्ण कैरियर और फोटोग्राफी के प्रति प्रतिबद्धता के लिए पुरस्कृत करना है।

7. प्रसिद्ध गणितज्ञ जिन्हें अमेरिका में प्रतिष्ठित **शिक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार 2019** से सम्मानित किया गया ___ **आनंद कुमार।**

नोट:

- फाउंडेशन फॉर एक्सीलेंस (FFE) ने कैलिफोर्निया के सैन जोस में संगठन की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर उन्हें सम्मानित किया।
- आनंद पिछले 18 वर्षों से भारत के प्रीमियर IIT-JEE के लिए एक वर्षीय आवासीय कोचिंग के माध्यम से 30 छात्रों को नि:शुल्क शिक्षा प्रदान करने के लिए एक नवीनतम सुपर 30 कार्यक्रम चला रहे हैं।

खेल समाचार

1. म्यांमार में आयोजित **IBSF विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप** में 150-अप प्रारूप में लगातार चौथा फाइनल जीतकर रिकॉर्ड **22वां विश्व खिताब** किसने जीता _____**पंकज आडवाणी।**

नोट:

- स्थानीय पसंदीदा खिलाड़ी नाय ओ के खिलाफ पिछले वर्ष के फाइनल को दोहराते हुए, पंकज ने समान परिणाम के साथ-साथ 6-2 का समान एकतरफा स्कोरलाइन मैच पुन: खेला।
- पंकज आडवाणी ने वर्ष 2014 में यूके में एक पेशेवर कार्यावधि से लौटने के बाद से हर वर्ष एक विश्व ट्रॉफी जीती है।
- बिलियर्ड्स के छोटे प्रारूप में, यह पिछले छह वर्षों में आडवाणी का पांचवा खिताब है।

2. वियतनाम ओपन सुपर 100 खिताब 2019 किसने_____ **सौरभ वर्मा।**

नोट:

- भारत के सौरभ वर्मा (मध्य प्रदेश) ने हो ची मिन्ह शहर में सुन को 21-12, 17-2, 21-14 से हराया।

Mission CDS 2020
A 120-Day Master Course
START FREE TRIAL

- यह जीत जारी कैलेंडर वर्ष में वर्मा की दूसरी सुपर 100 जीत है।
- 2019 वियतनाम ओपन 2019 BWF विश्व टूर का सातवां सुपर 100 टूर्नामेंट है और वियतनाम ओपन चैंपियनशिप का हिस्सा भी है
- यह टूर्नामेंट हो ची मिन्ह सिटी बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा आयोजित किया जाता है और BWF द्वारा अनुमोदित है।

3. भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी जिन्होंने म्यांमार अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला जीती _____ **कौशल धर्मामेर।**

नोट:

- कौशल धर्मामेर ने पिछले वर्ष अक्टूबर में हैटज़र इंटरनेशनल में शुरुआती गेम हारने के बाद एक घंटे तक चले मैच में करोनो को 18-21, 21-14, 21-11 से हराकर इसे जीता था।

4. भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी जिन्होंने बेल्जियम इंटरनेशनल चैलेंज में पुरुषों का एकल खिताब जीता____**लक्ष्य सेन।**

नोट:

- **लक्ष्य सेन** ने दूसरी वरीयता प्राप्त विक्टर स्वेन्डसेन (डेनमार्क) को सीधे खेल में चौंकाते हुए बेल्जियम इंटरनेशनल चैलेंज में पुरुषों का एकल खिताब हासिल किया।
- **बेल्जियम इंटरनेशनल** एक अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन ओपन टूर्नामेंट है, जिसे वर्ष 1958 से ही अनियमित अवधियों में आयोजित किया जाता है।

5. आर. प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो में अंडर -19 एशिया कप का खिताब (आठ संस्करण) किसने जीता____**भारत।**

नोट:

- 106 के कुल स्कोर का बचाव करते हुए भारत ने बांग्लादेश को 33 ओवर में 101 रन पर आउट कर दिया।
- 2019 अंडर -19 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट श्रीलंका में 5 सितंबर से 15 सितंबर 2019 तक आयोजित किया गया था।
- आठ टीमों ने टूर्नामेंट में भाग लिया, जिसमें 5 पूर्णकालिक सदस्य (भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका और अफगानिस्तान) और तीन क्वालिफायर (कुवैत, नेपाल और संयुक्त अरब अमीरात) शामिल हैं।

6. ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज जो इस शताब्दी की किसी टेस्ट श्रृंखला में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने __ **स्टीव स्मिथ।**

नोट:

- स्टीव स्मिथ ने एशेज श्रृंखला 2019 के 4 मैचों में 3 शतक और 3 अर्धशतक के साथ 110 से अधिक के औसत से 774 रन बनाए।
- इससे पहले, स्मिथ ने वर्ष 2014-15 सत्र के दौरान भारत के खिलाफ 769 रन के अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ा।

7. चीन के बीजिंग में बास्केटबॉल विश्व कप किसने जीता _____**स्पेन।**

नोट:

- फ्रांस ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर लगातार दूसरी बार कांस्य पदक जीता।
- 32 टीमों के साथ, यह अब तक का सबसे बड़ा बास्केटबॉल विश्व कप था।

Mission CDS 2020
A 120-Day Master Course
START FREE TRIAL

- 2019 FIBA बास्केटबॉल विश्व कप पुरुषों की राष्ट्रीय बास्केटबॉल टीमों के लिए FIBA बास्केटबॉल विश्व कप का **18वां टूर्नामेंट** था।
- अगला विश्व कप वर्ष 2023 में जापान, इंडोनेशिया और फिलीपींस में आयोजित किया जाएगा।

8. भारतीय क्रिकेट के पूर्व ऑलराउंडर जिन्होंने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से सन्यास की घोषणा की ___ **दिनेश मोंगिया।**

नोट:

- मोंगिया ने भारत के लिए 57 एकदिवसीय मैच खेले जिसमें उन्होंने 27.95 की औसत से 1230 रन बनाए लेकिन कभी भी टेस्ट क्रिकेट मैच नहीं खेला।
- दिनेश मोंगिया को BCCI द्वारा इंडियन क्रिकेट लीग (ICL) में शामिल होने पर प्रतिबंध लगाए जाने से पहले आखिरी बार क्रिकेट के मैदान पर (वर्ष 2007 में) पंजाब के लिए खेलते हुए देखा गया था।

9. अमेरिकी तैराक जो 54 घंटे के साहसिक कार्य में बिना रुके चार बार इंग्लिश चैनल तैरकर पार करने वाली पहली इंसान बनीं____ **सारा थॉमस।**

नोट:

- थॉमस केवल 54 घंटों में इंग्लैंड से फ्रांस तैरकर गईं और दो बार वापस लौटीं।
- यह लगभग 80 मील (129 किमी) की कुल दूरी होनी चाहिए थी, लेकिन चैनल में ज्वार-भाटा आने से दूरी 60% से अधिक बढ़ गई, जिसका अर्थ है कि उन्होंने लगभग 130 मील (209 किमी) की तैराकी की।
- सारा थॉमस ने एक वर्ष पहले स्तन कैंसर का इलाज पूरा किया है।
- इंग्लिश चैनल दक्षिणी इंग्लैंड को उत्तरी फ्रांस से अलग करने वाला और उत्तरी सागर के दक्षिणी भाग को अटलांटिक महासागर से जोड़ने वाला जल निकाय है।

10. एक मुस्कुराते पांडा **(बिंग ड्वेन ड्वेन)** और चलने वाली चीनी लालटेन **(शुए रॉन रॉन)** का किस रूप में अनावरण किया गया _____ **बीजिंग 2022 शीतकालीन ओलंपिक और पैरालम्पिक खेलों के शुभांकर।**

नोट:

- चीन के बीजिंग में शौगैंग आइस हॉकी एरिना में आयोजित एक समारोह में शुभंकरों का अनावरण किया गया।
- मंदारिन में, "बिंग" का अर्थ है बर्फ और "ड्वेन ड्वेन" का अर्थ है मजबूत और जीवंत।
- पांडा ने एक सूट पहना है जो बर्फ जैसा दिखता है।
- नए लॉन्च किए गए ओलंपिक शुभंकर एक अंतरिक्ष यात्री के समान हैं, जो भविष्य की अनंत संभावनाओं वाली नई तकनीकों को अपना रहे हैं।

11. भारत की विनेश फोगाट किसके लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय पहलवान बनीं____**2020 टोक्यो ओलंपिक।**

नोट:

- विनेश फोगाट ने टोक्यो खेलों में अपनी जगह पक्की करने के लिए विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता पर 8-2 से शानदार जीत दर्ज की।
- विनेश जर्मनी की मारिया प्रेवोलार्की के खिलाफ कांस्य-पदक मुकाबले में कुश्ती लड़ेंगी।
- इससे पहले, उन्होंने ओलिंपिक कोटा और कांस्य पदक की प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए 53 किग्रा वर्ग में रेपचेज के पहले दौर में यूक्रेन की यूलिया खल्वादज़ी पर 5-0 से जीत दर्ज की थी।

Mission CDS 2020
A 120-Day Master Course
START FREE TRIAL

12. अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने श्रीलंका के किस खिलाड़ी को अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 12 महीनों तक गेंदबाजी करने से प्रतिबंधित किया ___ **अकिला दनंजय।**

नोट:

- वह इस एक वर्ष की अवधि की समाप्ति के बाद अपनी गेंदबाजी एक्शन के पुनर्मूल्यांकन के लिए ICC के पास जाएंगे।
- अकिला दनंजय का गेंदबाजी एक्शन अगस्त 2019 में गाले में श्रीलंका और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए एक टेस्ट मैच के दौरान संदिग्ध पाया गया था।

13. 2020 फीफा अंडर -17 महिला विश्व कप (7वां संस्करण) 2 से 21 नवंबर 2020 तक कहां आयोजित किया जाएगा___ **भारत।**

नोट:

- यह पहली बार होगा जब भारत एक फीफा महिला फुटबॉल टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा।
- फीफा अंडर -17 महिला विश्व कप 17 वर्ष से कम आयु की महिला खिलाड़ियों के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट है।
- यह **फेडरेशन इंटरनेशनल डी फुटबॉल एसोसिएशन** (फीफा) द्वारा आयोजित किया जाता है।

IBPS PO &
Clerk Combo
ऑनलाइन टेस्ट सीरीज़

पैक में शामिल हैं:

1. 60 से अधिक विस्तृत मॉक टेस्ट
2. मॉक फॉमेट में पूर्व वर्षीय प्रश्न पत्र
3. टेस्ट अंग्रेजी एवं हिन्दी में उपलब्ध
4. प्रस्तुति विश्लेषण एवं ऑल इंडिया रैंक
5. मोबाइल एवं डेस्कटॉप पर भी उपलब्ध

gradeup

Mission CDS 2020
A 120-Day Master Course
START FREE TRIAL